मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-96
23/02/2021

मुख्यमंत्री ने कटिहार के कुर्सेला थाना क्षेत्र के एन0एच0– 31 पर हुयी दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना 23 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कटिहार के कुर्सेला थाना क्षेत्र के एन0एच0–31 पर स्कॉर्पियो–ट्रक की भीषण टक्कर में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है।

मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में सभी मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******